राजस्थान सरकार

कार्यालय उपखण्ड अधिकारी सिवाना जिला बालोतरा

क्रमांक/वाचक/2025/1765 दिनांकः–. 17.07.2025

राजस्व आवेदन संख्या - 151/2025 :: आदेश::

ग्रामवासी जेठन्तरी द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया कि ग्राम जेठन्तरी के खसरा संख्या 849/669 रकबा 05.00 बीघा खेल मैदान रा.उ.मा.वि. जेठन्तरी के नाम खातेदारी दर्ज है, खसरा नम्बर 669 सरहद मौजा जेठन्तरी की खुली भूमि के मध्य ही खसरा संख्या 849/669 की भूमि स्थित है,मगर उक्त खसरा नम्बर 849/669 की तरमीम जेठन्तरी गांव के ऐतिहासिक तालाब खसरा नम्बर 668 के पानी का नाला जो खसरा संख्या 669 में होकर के है,जो नाला सरकारी खर्च से पक्का बंधा हुआ व अत्यधिक गहरा भी है। राजस्व कर्मचारियों के द्वारा उक्त राजकीय विद्यालय की भूमि की तरमीम उक्त पक्के बंधे हुए नाले की भूमि पर गलत तौर से कर दी गई उक्त तरमीम सुदा भूमि स्कूल के नाम रहने से स्कूल के उपयोग व उपभोग में किसी भी रूप में नहीं आ आ रही है न ही उक्त नाला को पाटा ही जाकर उक्त भूमि पर खेल मैदान बनाया जा सकता है। अतः खसरा नम्बर 849/669 रकबा 05.00 बीघा भूमि के नक्शा में स्थित नाला की भूमि को हटा कर मौजूदा तरमीम को संलग्न नजरी नक्शा के अनुसार दरूस्त किया जावे।

तहसीलदार समदडी द्वारा पत्रांक भू.अ./2024/1227 दिनांक 13.08.2024 द्वारा जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

तहसीलदार समदडी के रिपोर्ट अनुसार ग्राम जेठन्तरी तहसील समदडी के मूल खसरा संख्या 669 मे से रकबा 1.2646 हैक्टयर शिक्षा विभाग के अधीन रा.उ.मा.वि. जेठन्तरी को आवंटित की गई जिसके नया खसरा संख्या 849/669 है। तहसीलदार समदडी ने रिपोर्ट के संलग्न मौका फर्द अनुसार फर्द नक्शा में दर्शाए बिन्दू ABCD वर्तमान तरमीम सुदा भूमि है बिन्दू I व J नाला है जो आंवटन सुदा भूमि के दक्षिण दिशा की ओर स्थित है। तहसीलदार समदडी रिपोर्ट अनुसार नजरी नक्शा के बिन्दू संख्या EFGH अनुसार तरमीम करने से उक्त आवंटन सुदा भूमि बहाव क्षेत्र से बाहर होगी व विद्यालय हेतु उपयोगी होगी।

अतः तहसीलदार समदडी द्वारा जरिये पत्रांक भू.अ./2024/1227 दिनांक 13.08.2024 प्रस्तुत जांच रिपोर्ट के आधार पर ग्राम जेठन्तरी के खसरा संख्या 849/669 रकबा 1.2646 हैक्टयर भूमि की तरमीम को निरस्त करते हुए तहसीलदार समदडी के जांच रिपोर्ट के संलग्न प्रस्तावित नक्शा अनुसार तरमीम दुरूस्त किये जाने के आदेश दिये जाते है। प्रस्तावित नक्शा 'अ' उक्त आदेश का अभिन्न अंग रहेगा।

(सुरेन्द्र सिंह खंगारोत)
उपखण्ड अधिकारी सिवाना

उपखण्ड अधिकारी सिवाना (बालोतरा)

क्रमांक/वाचक/2025/1766-1768 दिनांकः– 17.07.2025

प्रतिलिपि :– निम्न को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

1. तहसीलदार समदडी।
2. हल्का पटवारी, जेठन्तरी
3 रक्षित पत्रावली।

Signature Not Verified

Digitally signed by Surendra Singh Khangarot
Date: 2025.09.05 16:07:29 IST
Reason: SelfAttested

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी सिवाना (बालोतरा)

उपखण्ड अधिकारी सिवाना
उपखण्ड अधिकारी सिवाना (बालोतरा)

परिशिष्ट (छ)

राजस्थान सरकार

NIC-BHUNAKSHA

खसरा नक्शा एंव जमाबंदी(प्रतिलिपि)

दिनांक : 13/08/2024 05:16:29 PM

जिला : बाड़मेर

तहसील : समदड़ी

भू. अ. नि. क्षेत्र : समदड़ी

री हल्का : जेठन्तरी

ग्राम : जेठन्तरी



Scale 1:6000

खसरा संख्या :848/669 क्षेत्रफल : 11.0024 Hectare खाता संख्या : 154पुराना खाता संख्या :136

भूमि किस्म[क्षेत्रफल लगान]: गै.मु.गोचर [11.0024]

1.) ग्राम पंचायत जेठन्तरी हनुमानजी के मेला स्थल हेतु आरक्षित ख.नं.=877/579,879/766 हिस्सा- पूर्ण संस्था के लिए

13/08/2024

सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर एंव सील

प. जेठन्तरी

▨ तरमीम हेतु प्रस्तावित भूमि

तहसीलदार ... समदड़ी

नोट :- १. यह प्रपत्र केवल प्रार्थी की जानकारी के लिए है।

२. इसका उपयोग किसी भी न्यायालय में साक्ष्य के रूप में नहीं किया जा ...

३. प्रविष्टियों में संशोधन/सत्यापित प्रतिलिपि हेतु सम्बंधित तहसील कार्यालय से संपर्क करें। ULPIN no : null

Signature Not Verified

Digitally signed by Surendra Singh Khangarot

Date: 2025.09.05 16:07:29 IST

Reason: SelfAttested